**द्वितीय संस्करण**
**नए पाठ्यक्रमानुसार**

आई.जी.सी.एस.ई के
विद्यार्थियों के लिए उपयोगी

# श्रवण एवं मौखिक अभिव्यक्ति कौशल

## Listening and Speaking Skill

**भाग – 2 (कक्षा दस के लिए)**

**प्रश्नपत्र–2**



**उत्तरमाला के साथ**
**With Answer key**

**संवाद, उदघोषणा, साक्षात्कार, फिल्म समीक्षा, वार्तालाप, लेख, समाचार**

डॉ. अमित कुमार सिंह पुन्ढ़ीर



# श्रवण एवं मौखिक अभिव्यक्ति कौशल

## भाग– 2

## (Listening and Oral Expression/Speaking Skill)

– डॉ अमित कुमार सिंह पुन्ढ़ीर



# 🕮 अनुक्रमणिका 🕮


| श्रवण कौशल (Listening skill) | | |
|---|---|---|
| क्रमांक | अभ्यास | पृष्ठ संख्या |
| 1 | श्रवण कौशल<br>(Listening skill) | 01 |
| 2 | मूल्यांकन के उद्देश्य<br>(Assessment objectives) | 02 |
| 3 | पाठ्यक्रम का अवलोकन<br>(Assessment objectives) | 02 |
| 4 | विषय सामग्री<br>(Listening skill) | 02 |
| 5 | श्रवण अभ्यास – 1<br>(Listening exercise -1) | 04 |
| 6 | श्रवण अभ्यास – 2<br>(Listening exercise -2) | 10 |
| 7 | श्रवण अभ्यास – 3<br>(Listening exercise -3) | 16 |
| 8 | श्रवण अभ्यास – 4<br>(Listening exercise -4) | 22 |
| 9 | श्रवण अभ्यास – 5<br>(Listening exercise -5) | 28 |
| 10 | श्रवण अभ्यास – 6<br>(Listening exercise -6) | 34 |
| **मौखिक अभिव्यक्ति कौशल (Speaking skill)** | | |
| 1 | मौखिक अभिव्यक्ति कौशल<br>(Speaking skill) | 40 |
| 2 | मौखिक अभिव्यक्ति कौशल परीक्षा का प्रारूप<br>(Structure of the speaking test) | 42 |
| 3 | अभिव्यक्ति कौशल के भाग : 3 के लिए निर्धारित विषय<br>(Topics for part : 3 of the speaking test) | 43 |
| 4 | मौखिक अभिव्यक्ति कौशल के नमूने<br>(Sample of speaking skill) | 44 |
| 5 | मूल्यांकन के उद्देश्य<br>(Assessment objectives) | 45 |
| 6 | मौखिक मूल्यांकन मानदंड<br>(Speaking assessment criteria grid) | 45 |

**Cambridge Learners**

**कैंब्रिज शिक्षार्थी**

| | |
|---|---|
| Responsible | उत्त रदायी |
| Reflective | चिंतनशील |
| Innovative | अभिनव |
| Engaged | प्रवृत्त |
| Confident | आत्मविश्वासी |

1– प्रायः यह देखा गया है कि शिक्षक द्वारा कक्षा में शैक्षिक वातावरण तैयार किए बिना ही अपना कथन आरम्भ कर देते हैं। जबकि विद्यार्थी मानसिक रूप से श्रवण करने के लिए तैयार नहीं होते हैं।

2– कई बार शिक्षक भी अशुद्ध भाषा एवं अशुद्ध उच्चारण करते पाए जाते हैं। जिससे विद्यार्थी यह जान जाता है कि प्रस्तुत सामग्री बोधगम्य एवं स्पष्ट नहीं है, तो उसके प्रति वह ध्यान नहीं देते हैं।

3– जब शिक्षक द्वारा अपने कथन में या प्रस्तुतीकरण में कठिन भाषा का प्रयोग करते है, तो इस स्थिति में विद्यार्थी विषयवस्तु के भाव को समझ नहीं पाता है।

4– अनेक अवसरों पर विद्यार्थियों की रूचि की ओर शिक्षक द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है। जिससे विद्यार्थी जिस विषयवस्तु का श्रवण करना चाहते हैं वह उनको उपलब्ध नहीं होती है।

5– कई बार शिक्षक विद्यार्थियों की योग्यता का आकलन किये बिना ही शिक्षण कार्य प्रारम्भ करते हैं।

**<u>श्रवण कौशल के विकास हेतु उपाय एवं समस्याओं का समाधान</u> :–** विद्यालयी स्तर पर श्रवण कौशल समस्याओं को निम्नलिखित उपाय अपनाकर उनका समाधान किया जा सकता है –

1– शिक्षक द्वारा प्रस्तुत सामग्री विद्यार्थियों की रूचि के अनुरूप होनी चाहिए।

2– श्रवण की योग्यता के अनुसार शिक्षण प्रदान करना चाहिए।

3– विद्यार्थियों के लिए उचित वातावरण या माहौल होना चाहिए।

4– यह ध्यान रखें कि विद्यार्थी मानसिक रूप से तैयार हो।

5– शिक्षक को श्रवण से पहले ही सभी निर्देश भली–भाँति दे देने चाहिए।

6– श्रवण कौशल के विकास हेतु मानक भाषा में ही विद्यार्थियों के समक्ष विषयवस्तु को प्रस्तुत करना चाहिए।

7– श्रवण कौशल के विकास हेतु शिक्षक को अपने प्रस्तुतीकरण में शुद्ध उच्चारण करना चाहिए।

**<u>श्रवण कौशल की विधियाँ</u>** – विद्यार्थी कविता, कहानी, भाषण, वाद–विवाद, वार्तालाप, उद्‌घोषणा आदि का ज्ञान सुनकर ही प्राप्त करता है और उसका अर्थ भी ग्रहण करता है। इस पुस्तक में विद्यार्थियों के श्रवण कौशल को विकसित करने के लिए निम्नलिखित प्रकरणों का समावेश किया गया है।

1:– वार्तालाप (संवाद) एवं उद्‌घोषणा

2:– समाचार कथन

3:– कहानी कथन

4– साक्षात्कार एवं व्यक्तित्व परिचय

# श्रवण अभ्यास – 1




प्रश्न 1 से 6 के लिए आप क्रमानुसार कुछ संक्षिप्त संवाद सुनेंगें। उनके आधार पर प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नीचे दी गई रेखा पर लिखिए। आपका उत्तर जहाँ तक हो सके संक्षिप्त होना चाहिए।

आपको प्रत्येक संवाद दो बार सुनाया जाएगा।

1– किन यात्रियों को प्राथमिकता दी गई है ? (1)

2– अंतरदेशीय उड़ानों के लिए कहाँ उतरना होगा ? (1)

3– राम को कौन सा विषय पसंद है ? (1)

4– पेट्रोल–डीजल के दाम कम होने को लेकर संशय क्यों बना हुआ है ? (1)

5– गयाप्रसाद चौहान पिछले कितने दिनों से लापता है ? (1)

6– चाचाजी के फोन करने का क्या कारण था ? (1)




7– अम्मा कैंटीन तमिलनाडु के लोगों के लिए एक चिर–परिचित नाम है। जोकि गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को सस्ते में खाना उपलब्ध कराती है। इसी का जायज़ा लिया हमारे संवाददाता ने। दिए गए संस्मरण को ध्यान से सुनिए और नीचे दिए गए खाली स्थानों को भरिए।

यह बातचीत आपको दो बार सुनाई जाएगी।

(a)– अम्मा कैंटीन के खाने की कीमत, रेस्तरां की कीमत से काफी .................... है। (1)

(b)– खाना काफी .................... में दिया जाता है। (1)

(c)– ज्यादातर लोग खाने को .................... कहते हैं। (1)

(d)– लक्ष्मी आस–पास के .................... में काम करती है। (1)

(e)– रात के खाने का समय शाम 5 बजे से .................... तक का है। (1)

(f)– राजू .................... का रहने वाला है। (1)

(g)– इन कैंटीन को सन् .................... में शुरू किया गया था। (1)

(h)– आज पूरे राज्य में .................... से अधिक ऐसे कैंटीन बने हैं। (1)




लालबहादुर शास्त्री की सादगी का हर कोई कायल है। आइए जानते है उनसे जुड़े एक दिलचस्प किस्से के बारे में। इस किस्से का ध्यान से सुनिए और दिए गए प्रत्येक कथन में रेखांकित की गई गलती को सही शब्दों या वाक्यांश का प्रयोग करते हुए ठीक कीजिए।

यह किस्सा आपको दो बार सुनाया जाएगा। (8)

8– केरल में **अकाल** पड़ा था।
केरल में ..................... पड़ा था।

9– **गेहूँ** की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई थी।
..................... की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई थी।

10– केरलवासियों का मुख्य भोजन **गेहूँ** है।
केरलवासियों का मुख्य भोजन ..................... है।

11– उन्होंने **मंत्रियों** को अनाज की कमी पूरी करने का आदेश दिया।
उन्होंने ..................... को अनाज की कमी पूरी करने का आदेश दिया।

12– उन्होंने लोगों से **बाजरे** का उपयोग कम करने के लिए कहा था।
उन्होंने लोगों से ..................... का उपयोग कम करने के लिए कहा था।

13– घर के लिए दिए गए आदेश को सुनकर **कर्मचारी** दुःखी हुए।
घर के लिए दिए गए आदेश को सुनकर ..................... दुःखी हुए।

14– संपूर्ण भारतवासी शास्त्री जी की कार्यशैली के प्रति **आश्वस्त** हो गए।
संपूर्ण भारतवासी शास्त्री जी की कार्यशैली के प्रति ..................... हो गए।

15– शास्त्री जी ने केरल की **मुसीबत** को अपनी पीड़ा समझा था।
शास्त्री जी ने केरल की ..................... को अपनी पीड़ा समझा था।




आजकल ऐतिहासिक फिल्मों एवं टी.वी कार्यक्रमों की बाढ़ सी आ गई है। जहाँ लोगों को उनकी परम्परा से जोड़े रखने में ये फिल्में और कार्यक्रम सफल रहे है। वहीं इन पर ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़–मरोड़ कर पेश करने का आरोप भी लगता है। आज हमारे बीच है। टेलीविज़न पर प्रसारित लक्ष्मीबाई धारावाहिक में रानी लक्ष्मीबाई के बचपन की भूमिका निभाने वाली तारा शर्मा। इस रेडियो वार्तालाप को ध्यान से सुनिए और निम्नलिखित वाक्यों को पूरा करने के लिए A, B अथवा C में से किसी एक विकल्प को सही ( ✓ ) का निशान लगा कर चुनें।

यह वार्तालाप आपको दो बार सुनाया जाएगा।

16– ताराशर्मा ने कैरियर की शुरूआत किस क्षेत्र से की ?

(A) विज्ञापन

(B) नाटक

(C) फिल्म

17– आगामी धारावाहिक किस ऐतिहासिक पात्र पर आधारित है ?

(A) महाराणा प्रताप

(B) रानी पद्ममावती

(C) रानी लक्ष्मीबाई

18– धारावाहिक किस चैनल पर प्रसारित होगा ?

(A) व्योम चैनल

(B) गगन चैनल

(C) भक्ति चैनल

19– धारावाहिक किस दिन और किस समय प्रसारित होगा ?

(A) सोमवार से शुक्रवार रात आठ बजे

(B) सोमवार से शनिवार रात नौ बजे

(C) सोमवार से शुक्रवार रात नौ बजे

**मौखिक अभिव्यक्ति कौशल के उद्देश्य –**

- विद्यार्थियों में क्रमिक रूप से धाराप्रवाह बोलने की क्षमता का विकास करना।
- विद्यार्थियों में मधुर एवं रोचक ढंग से अपने विचारों को प्रस्तुत करने की योग्यता का विकास करना जिसे वे प्रत्येक व्यक्ति को प्रभावित कर सके।
- विद्यार्थियों में संकोच एवं झिझक को दूर करके आत्मविश्वास की भावना जाग्रत करना।
- विद्यार्थियों में प्रसंगानुसार मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ के प्रयोग की क्षमता का विकास करना।
- विद्यार्थियों में भाव एवं विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुतीकरण की योग्यता का विकास करना।
- मौखिक अभिव्यक्ति कौशल विद्यार्थियों को हाज़िरजवाब देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- मौखिक अभिव्यक्ति कौशल से विद्यार्थियों में साहित्य की विविध विधाओं जैसे कहानी, नाटक आदि को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने में सहायता मिलती है।

**मौखिक अभिव्यक्ति कौशल की विधियाँ** – वाचन कौशल को विकसित करने के लिए निम्नलिखित विधियों को अपनाया जा सकता है।

1:– प्रस्तुतीकरण

2:– यात्रा वर्णन

3:– पुस्तक समीक्षा

4– फिल्म समीक्षा

5– समाचार

6:– स्वरचित रचना

7:– उद्घोषणा

8:– भाषण

9:– चर्चा

10:–एकांकी और नाटक

# 🕮 मौखिक अभिव्यक्ति कौशल परीक्षा का प्रारूप 🕮

## Structure of the speaking test

**मौखिक परीक्षा समय सीमा – 10 से 12 मिनट अंक – 60**

यह एक वैकल्पिक घटक है। इसका मूल्यांकन अलग से किया जाएगा। मौखिक परीक्षा के लिए कोई प्रश्नपत्र तैयार नहीं किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन एवं मूल्यांकन हिंदी भाषा में किया जाएगा। प्रत्येक विद्यार्थी की मौखिक परीक्षा को रिकॉर्ड करना आवश्यक है।

शब्दकोश का प्रयोग वर्जित है।

**मौखिक परीक्षा का प्रारूप – इस परीक्षा को तीन भागों में बाँटा गया है।**

**भाग – 1** एक चुने हुए विषय पर विद्यार्थी द्वारा 2 से 3 मिनट की प्रस्तुति। प्रस्तुति का विषय विद्यार्थी द्वारा चुना जाएगा। अपनी प्रस्तुति में विद्यार्थी को हिंदी भाषी समुदाय, हिंदी भाषी संस्कृति के जीवन के पहलू या पहलुओं को प्रतिबिंबित करना होगा। विद्यार्थी को स्क्रिप्ट बढ़कर बोलने की अनुमति नहीं है। विद्यार्थी अगर चाहे तो पोस्टकार्ड के आकार के कागज पर अधिक से अधिक पाँच बिंदुओं को लिखकर ला सकता है। अगर विद्यार्थी चाहे तो दो–तीन सामग्री ला सकता है। सामग्री में नक्शे, आँकड़े, चित्र शामिल हो सकते हैं। किंतु सामग्री पर कुछ भी लिखा नहीं होना चाहिए।

कुल अंक – 20

**भाग – 2** प्रस्तुति के बारे में परीक्षक के साथ तीन से चार मिनट की चर्चा

कुल अंक – 20

**भाग – 3** सामान्य विषयों के बारे में परीक्षक के साथ तीन से चार मिनट की बातचीत।

कुल अंक – 20

**भाग तीन के लिए निर्धारित विषय –**

सामान्य बातचीत में कम से कम दो विषयों को शामिल किया जाएगा। खंड A-B में से एक तथा खंड C-D-E में से एक। विद्यार्थी को यह जानकारी नहीं होनी चाहिए कि परीक्षक किस खंड का चयन करेगा। किंतु परीक्षक को इस बात का ध्यान रखना होगा कि विद्यार्थी की प्रस्तुति के विषय और परीक्षक द्वारा चयनित खंड एक–दूसरे से मिलते–जुलते न हो।

# Assessment Objectives : मूल्यांकन के उद्देश्य

**Speaking – मौखिक अभिव्यक्ति**

- विचार/राय सही, स्पष्ट एवं प्रभावी रूप से व्यक्त करें।
- जोड़ने वाली उचित श्रृंखला का उपयोग करके प्रतिक्रिया और विचारों को विकसित करना।
- सटीक एवं प्रभावी तरीके से व्याकरण संरचनाओं एवं शब्दावली का उपयोग करना।
- उच्चारण एवं वाणी में उतार–चढ़ाव पर नियंत्रण रखना।
- वार्तालाप में व्यस्त तथा वार्तालाप को आगे बढ़ाने में मद्द करने के लिए प्रभावी ढ़ंग से योगदान देना है।

## Speaking assessment criteria grid

मौखिक मूल्यांकन मानदंड

**भाग – 1 प्रस्तुति कुल अंक – 20**

| | सामग्री और प्रस्तुति तथ्यों का ज्ञान, क्षमता, राय व्यक्त करने और चर्चा को आगे बढ़ाने वाले मुद्दे | शब्दावली उच्चारण एवं वाणी में उतार–चढाव | संरचना |
|---|---|---|---|
| | 9–10 अंक | 5 अंक | 5 अंक |
| **Level 5** (स्तर 5) | ✓ पूर्ण और अच्छी तरह से संगठित। ✓ विचार और राय के साथ–साथ तथ्यात्मक मुद्दे। ✓ जीवंत प्रस्तुति जो कि परीक्षक की रूचि को बनाए रखी। | ✓ सामान्यतः विस्तृत शब्दावली का सटीक प्रयोग। ✓ शुद्ध उच्चारण एवं वाणी में उतार–चढ़ाव। | ✓ जटिल संरचना में विविधता का उपयोग |
| | 7–8 अंक | 4 अंक | 4 अंक |
| **Level 4** (स्तर 4) | ✓ सामान्य तौर पर विषय की ध्वनि का अच्छा ज्ञान। ✓ विचारों एवं राय के साथ तथ्यात्मक मुद्दे प्रासंगिक बने। ✓ अच्छी प्रस्तुति जो कि परीक्षक की रूचि को बनाए रखी। | ✓ पर्याप्त शब्दावली का प्रयोग, किंतु कहीं–कहीं शुद्धता की कमी। ✓ शब्दावली में शुद्धता की कमी किंतु संप्रेषण पर उसका असर नहीं। ✓ सामान्यतः उच्चारण एवं वाणी में उतार–चढ़ाव स्पष्ट था। | ✓ अपेक्षाकृत सरल संरचना का प्रयोग अधिक साथ ही कुछ जटिल संरचना का उपयोग किया गया। ✓ त्रुटियाँ संप्रेषण में बाधा नहीं बनी। |

Sample of speaking and marking sceheme for Listening is on the cd.

We would like to here your view and feedback on –

amitkumarsingh.pundhir@gmail.com

amit_pundhir@yahoo.com

Contact us on – +919909998226, 09825709211, 9408589211